रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-25022023-243923
CG-DL-E-25022023-243923

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 117] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, फरवरी 23, 2023/फाल्गुन 4, 1944
No. 117] NEW DELHI, THURSDAY, FEBRUARY 23, 2023/PHALGUNA 4, 1944

भारतीय उपचर्या परिषद्

अधिसूचना

नई दिल्ली, 22 फरवरी, 2023

भारतीय उपचर्या परिषद् (आयुर्वेद स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – आवासीय कार्यक्रम) विनियम, 2022

फा.सं. 11–1/2022–आईएनसी.–समय–समय पर यथासंशोधित भारतीय उपचर्या परिषद् अधिनियम, 1947 (1947 का XLVIII) की धारा 16(1) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय उपचर्या परिषद् एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाती है, यथाः–

1. लघु शीर्षक एवं प्रवर्तन

i. ये विनियम **भारतीय उपचर्या परिषद् (आयुर्वेद स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – आवासीय कार्यक्रम) विनियमन, 2022** कहे जाएंगे।

ii. ये विनियम भारत के राजपत्र में इनकी अधिसूचना की तिथि से प्रभावी होंगे।

2. परिभाषाएं

इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,

i. 'अधिनियम' का अभिप्राय समय–समय पर यथासंशोधित भारतीय उपचर्या परिषद्, 1947 (1947 का XLVIII) से है;

ii. 'परिषद्' का अभिप्राय अधिनियम के तहत गठित भारतीय उपचर्या परिषद् से है;

iii. 'एसएनआरसी' का अभिप्राय संबंधित राज्य सरकारों द्वारा किसी भी नाम से गठित राज्य उपचर्या एवं प्रसाविका पंजीकरण परिषद् से है;

iv. 'आरएन एंड आरएम' का अभिप्राय एक पंजीकृत उपचर्या एवं पंजीकृत प्रसाविका (आरएन एंड आरएम) से है और एक ऐसे नर्स को दर्शाता है जिसने मान्यता प्राप्त नर्सिंग स्नातक (बी.एससी. नर्सिंग) या डिप्लोमा इन जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम) पाठ्यक्रम, जैसा कि परिषद् द्वारा निर्धारित किया गया हो, सफलतापूर्वक पूरा कर लिया हो और किसी एक एसएनआरसी में पंजीकृत उपचर्या एवं पंजीकृत प्रसाविका के रूप में पंजीकृत हो;

v. 'नर्स पंजीकरण एवं ट्रैकिंग प्रणाली (एनआरटीएस)' का अभिप्राय भारतीय उपचर्या परिषद् द्वारा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी), भारत सरकार के सहयोग से विकसित सॉफ्टवेयर प्रणाली से है, जिसे भारतीय उपचर्या रजिस्टर के रखरखाव व संचालन के लिए एनआईसी द्वारा हॉस्ट किया गया है। इसमें पंजीकृत उपचर्या एवं पंजीकृत प्रसाविका (आरएन एंड आरएम)/पंजीकृत सहायक नर्स मिडवाइफ (आरएएनएम)/पंजीकृत महिला स्वास्थ्य परिदर्शिका (आरएलएचवी) के आंकड़ों के संग्रह के लिए 'आधार' बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण पर आधारित मानकीकृत प्रारूप हैं;

vi. 'एनयूआईडी' का अभिप्राय एनआरटीएस प्रणाली द्वारा प्रत्याशी को दिया जाने वाला नर्सेज यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर से है;

vii. 'जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम)' का अभिप्राय परिषद् द्वारा अधिनियम की धारा 10 के तहत स्वीकृत तथा अधिनियम की अनुसूची के भाग–I में शामिल डिप्लोमा इन जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी प्रशिक्षण से है।

आयुर्वेद स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – आवासीय कार्यक्रम

I. प्रस्तावना

आयुर्वेद नर्सिंग एक नई विशेषता है जिसका उद्देश्य ऐसी विशेषज्ञ नर्सों को तैयार करना है जो विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों के लिए आयुर्वेद उपचार के इच्छुक रोगियों को सक्षम देखभाल प्रदान कर सकें। आयुर्वेद के अनुसार, परिचारक (नर्स) स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के प्रमुख स्तंभों (चिकित्सीय चतुर्पाद) में से एक है। शास्त्रों में आयुर्वेद नर्सिंग के संबंध में विस्तृत दिशानिर्देशों का उल्लेख किया गया है।

आधुनिक स्वास्थ्य चुनौतियों के लिए उपचार में अंतराल को भरने पर जोर देते हुए आयुष प्रणाली को आधुनिक चिकित्सा प्रणाली में एकीकृत करने की आवश्यकता महसूस की गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 में आयुष प्रणाली को चिकित्सा और नर्सिंग कर्मियों की समझ के अनुसार रोगी देखभाल में प्रयोग के लिए एक अनुकूल तरीके से शुरू करना प्रस्तावित है।

II. दर्शन

परिषद् का मानना है कि पंजीकृत नर्सों को अभ्यास के विभिन्न उभरते विशिष्ट क्षेत्रों में कार्य करने के लिए विशेषज्ञ नर्सों के रूप में आगे प्रशिक्षित होने की आवश्यकता है और यह प्रशिक्षण योग्यता आधारित होना चाहिए। आयुर्वेद नर्सिंग, विशेषज्ञ नर्सों की जरूरत वाला ऐसा ही एक क्षेत्र है। नर्सों की बढ़ती भूमिकाओं और स्वास्थ्य देखभाल वितरण प्रणाली में आए बदलाव के मद्देनजर आयुर्वेद स्वास्थ्य केंद्रों में रोगियों को सक्षम, कुशल और उचित देखभाल प्रदान करने हेतु नर्सों को विशेष कौशल और जानकारी प्रदान करने के लिए अतिरिक्त प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। रोगियों को सक्षम देखभाल प्रदान करने और उनके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए पंजीकृत नर्सों को आयुर्वेद नर्सिंग देखभाल के नैदानिक और सामुदायिक समायोजन में प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है।

III. पाठ्यक्रम संरचना

आयुर्वेद स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा एक एक–वर्षीय आवासीय कार्यक्रम है और इस पाठ्यक्रम की अवधारणा विशेष नर्सिंग अभ्यास के लिए प्रमुख विशिष्ट पाठ्यक्रमों को शामिल करते हुए की गई है। प्रमुख विशिष्ट पाठ्यक्रम संस्कृत का परिचय, आयुर्वेद की मूल अवधारणाएं, शरीर रचना एवं शरीर क्रिया विज्ञानम, निदानम एवं मानसिक रोगी परिचारण, द्रव्यगुण एवं भैषज्य कल्पना विज्ञानम, स्वास्थ्यवृत्त एवं योग, शल्य कर्म परिचारण, शालक्य कर्म परिचारण, शिशु परिचारण, स्त्री रोग एवं प्रसूति तंत्र परिचारण तथा पंचकर्म के तहत आयोजित किए गए हैं।

व्यावसायिक कुशलता, संवाद तथा रोगी प्रशिक्षण, नैदानिक नेतृत्व तथा संसाधन प्रबंधन, और साक्ष्य आधारित तथा अनुप्रयुक्त शोध, आयुर्वेद नर्सिंग अभ्यास के मूलभूत लघु पाठ्यक्रम हैं, जिनका उद्देश्य छात्रों को जवाबदेह, प्रतिबद्ध, सुरक्षित और सक्षम विशेषज्ञ नर्स के रूप में कार्य करने के लिए आवश्यक जानकारी, दृष्टिकोण और दक्षता प्रदान करना है।

आयुर्वेद स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – आवासीय कार्यक्रम की पाठ्यचर्या संरचना निम्नलिखित **चित्र 1** में दर्शायी गई है।



चित्र 1 : पाठ्यक्रम संरचनाः आयुर्वेद स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – आवासीय कार्यक्रम

IV. उद्देश्य/प्रयोजन एवं कार्यनिर्वाह क्षमताएं

उद्देश्य

यह कार्यक्रम आयुर्वेद अस्पतालों में भर्ती विभिन्न विकारों से ग्रस्त रोगियों को गुणवत्तापूर्ण देखभाल प्रदान करने हेतु विशेष कौशल, समझ और दृष्टिकोण के साथ नर्सों को तैयार करने के लिए बनाया गया है। इसका उद्देश्य तकनीकी रूप से योग्य और प्रशिक्षित विशेषज्ञ नर्स तैयार करना है जो उच्च–स्तरीय देखभाल प्रदान करते हुए आयुर्वेद स्वास्थ्य केंद्रों में प्रभावी ढंग और अधिक बेहतर तरीके से कार्य करेंगे।

प्रयोजन

पाठ्यक्रम का प्रयोजन नर्सों को निम्नलिखित दक्षताओं में प्रशिक्षित करना है:

1. आयुर्वेद अस्पतालों में भर्ती वास्तविक या संभावित स्वास्थ्य समस्याओं वाले रोगियों को गुणवत्तापूर्ण देखभाल प्रदान करना।
2. नैदानिक और सामुदायिक समायोजन में रोगियों की देखभाल का प्रबंधन और पर्यवेक्षण करना।
3. आयुर्वेद नर्सिंग से संबंधित क्षेत्रों में नर्सों, संबद्ध स्वास्थ्य कर्मियों, रोगियों और समुदाय को प्रशिक्षित करना।
4. आयुर्वेद नर्सिंग के क्षेत्रों में शोध करना।

कार्यनिर्वाह क्षमताएं

कार्यक्रम के पूरा होने पर, आयुर्वेद विशेषज्ञ नर्स निम्नलिखित कार्य करने में सक्षम होंगे :

1. आयुर्वेद नर्सिंग अभ्यास की अवधारणाओं, सिद्धांतों और मानकों की व्याख्या करना।

2. आयुर्वेद अभ्यास में आईएनसी मानकों के अनुसार सदाचारी, परोपकारी, कानूनी, नैतिक, विनियामक और मानवतावादी सिद्धांतों के अनुरूप नर्सिंग देखभाल प्रदान करने में पेशेवर जवाबदेही प्रदर्शित करना।
3. रोगियों, परिजनों और व्यावसायिक सहयोगियों के साथ प्रभावी ढंग से बातचीत करना जिससे पारस्परिक सम्मान की भावना को बढ़ावा मिले और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार लाने के साझा निर्णय लिए जा सकें।
4. उपचार और देखभाल में रोगियों तथा परिजनों की प्रभावी रूप से भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उन्हें प्रशिक्षित करना और परामर्श देना तथा संकट एवं वियोग की परिस्थितियों में उनकी मुकाबला करने की क्षमता में वृद्धि करना।
5. नैदानिक नेतृत्व और संसाधन प्रबंधन रणनीतियों की समझ का प्रदर्शन करना और सहयोगी तथा प्रभावी दलीय कार्य को बढ़ावा देने के लिए आयुर्वेद देखभाल समायोजन में उनका उपयोग करना।
6. आयुर्वेद नर्सिंग अभ्यास में व्यावहारिक निर्णय लेने के लिए नैदानिक विशेषज्ञता और रोगी की वरीयताओं के लिहाज से, अनुभव और मूल्यों के साथ आयुर्वेद देखभाल और उपचार में सामयिक सर्वोत्तम प्रमाणों की पहचान, मूल्यांकन और उपयोग करना।
7. ऐसे शोध अध्ययनों में भाग लेना, जो शोध प्रक्रिया की मूलभूत समझ के साथ–साथ साक्ष्य–आधारित आयुर्वेद नर्सिंग देखभाल मध्यवर्तन में योगदान करते हैं।
8. विभिन्न विकारों से ग्रस्त रोगियों तथा उनके परिजनों की दैहिक, शारीरिक, मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और आध्यात्मिक समस्याओं के आंकलन, निदान और उपचार में सामान्य विज्ञान को अपनाना।
9. विभिन्न विकारों से ग्रस्त रोगियों की देखभाल में नर्सिंग प्रक्रिया को अपनाना।
10. आयुर्वेद में विभिन्न उपचार पद्धतियों के सिद्धांतों और उपचार के तौर–तरीकों का वर्णन करना।
11. विभिन्न उपचार पद्धतियों के तहत रोगियों की देखभाल प्रदान करने से प्रासंगिक विशेष अभ्यास, दक्षता/कौशल प्रदर्शित करना।
12. जीवनशैली संशोधन, आहार प्रबंधन और योग जैसी विभिन्न तकनीकों के माध्यम से पुनर्वास उपायों में दक्षता विकसित करना।
13. विभिन्न औषधियों हेतु औषधि प्रबंधन, भंडारण, प्रशासन तथा अनुरक्षण पद्धति की समझ विकसित करना।
14. रोगियों को विभिन्न उपचारों के सुरक्षित प्रयोग का प्रदर्शन करना और उन्हें व्यावसायिक नुकसान से बचाना।
15. आयुर्वेद स्वास्थ्य केन्द्रों में नैदानिक परीक्षण करना और गुणवत्ता आश्वासन गतिविधियों में भाग लेना।
16. नर्सों और संबद्ध स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित करना और उनकी निगरानी करना।
17. आयुर्वेद अस्पतालों में भर्ती रोगियों की देखभाल में अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं के साथ सहयोग करना और संसाधनों का उपयोग करना।

V. कार्यक्रम का विवरण और अभ्यास का क्षेत्र

आयुर्वेद स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – आवासीय कार्यक्रम एक एक–वर्षीय आवासीय कार्यक्रम है जिसमें योग्यता आधारित प्रशिक्षण पर मुख्य ध्यान दिया जाता है। इसके अतिरिक्त इसे पंजीकृत नर्सों (जीएनएम या बी.एससी.) को रोगियों और उनके परिजनों को गुणवत्तापूर्ण आयुर्वेद नर्सिंग देखभाल प्रदान करने में विशेष जानकारी, कौशल और दृष्टिकोण के साथ तैयार करने के लिए बनाया गया है। सैद्धांतिक पाठ्यक्रम में अभ्यास के साथ–साथ विशेष पाठ्यक्रम शामिल हैं। सैद्धांतिक घटक 20% और व्यावहारिक (नैदानिक और प्रयोगशाला) 80% का है। कार्यक्रम पूरा होने पर प्रमाणीकरण एवं संबंधित एसएनआरसी में अतिरिक्त योग्यता के रूप में पंजीकरण होने पर आयुर्वेद विशेषज्ञ नर्स को विशेषज्ञ नर्स के रूप में केवल विशिष्ट अस्पताल/विभाग/इकाई में ही नियोजित किया जायेगा। सरकारी/सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में विशेषज्ञ नर्स संवर्ग/पद सृजित किए जाने चाहिए। डिप्लोमा प्रमाणपत्र परिषद् द्वारा अनुमोदित संबंधित परीक्षा बोर्ड/एसएनआरसी/विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया जाएगा।

VI. आयुर्वेद स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – आवासीय कार्यक्रम प्रारम्भ करने हेतु न्यूनतम अहर्ताएं/दिशानिर्देश

कार्यक्रम का संचालन कहां–कहां किया जा सकता है:

1. आयुर्वेद में उच्च अध्ययन (स्नातक/स्नातकोत्तर) की पेशकश करने वाले आयुर्वेद अस्पताल, जिसमें सभी प्रकार की विशेष नर्सिंग देखभाल सुविधाओं के साथ नैदानिक, चिकित्सीय और अत्याधुनिक आयुर्वेद चिकित्सा इकाइयों के साथ न्यूनतम 100 शय्या उपलब्ध हों।
2. उपरोक्त पात्र संस्थान को संबंधित एसएनआरसी से विशेष शैक्षणिक वर्ष के लिए आयुर्वेद स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – आवासीय कार्यक्रम प्रारंभ करने हेतु मान्यता लेनी होगी, जोकि एक अनिवार्य आवश्यकता है।
3. परिषद् द्वारा उपरोक्त दस्तावेजों/प्रस्ताव की प्राप्ति के पश्चात मान्यता प्राप्त नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान का भारतीय उपचर्या परिषद् अधिनियम, 1947 के प्रावधानों के तहत बनाए गए विनियमों के अनुरूप अध्यापन संकाय, नैदानिक एवं मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में उपयुक्तता का आंकलन करने के लिए भारतीय उपचर्या परिषद् अधिनियम, 1947 की धारा 13 के तहत वैधानिक निरीक्षण किया जाएगा।

1. नर्सिंग शिक्षण संकाय

क. 1:10 के अनुपात में पूर्णकालिक नर्सिंग संकाय/नर्सिंग प्रीसेप्टर।
ख. आयुर्वेद क्षेत्र से संबंधित विशेषज्ञताओं में बहु–विषयक अतिथि संकाय (प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर)।
ग. नर्सिंग संकाय की न्यूनतम संख्या दो होनी चाहिए। (एक एम.एससी. (नर्सिंग) होना चाहिए)

पात्रता मानदंड (योग्यता और अनुभव)

- **नर्सिंग संकायः**

  बी.एससी. (नर्सिंग) आयुर्वेद, राजकीय विश्वविद्यालय/एसएनआरसी द्वारा मान्यता प्राप्त हो।

  या

  परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त आयुर्वेद नर्सिंग में एक–वर्षीय पोस्ट बेसिक डिप्लोमा के साथ एम.एससी. (नर्सिंग)। एनयूआईडी नंबर के साथ किसी भी एसएनआरसी में एक पंजीकृत उपचर्या एवं पंजीकृत प्रसाविका (आरएन एंड आरएम) या समकक्ष हो।

  या

  परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त आयुर्वेद नर्सिंग में एक–वर्षीय पोस्ट बेसिक डिप्लोमा के साथ बी.एससी. (नर्सिंग)/पोस्ट बेसिक बी.एससी. (नर्सिंग)। एनयूआईडी नंबर के साथ किसी भी एसएनआरसी में एक पंजीकृत उपचर्या एवं पंजीकृत प्रसाविका (आरएन एंड आरएम) या समकक्ष हो।

  - **अनुभवः** प्रतिष्ठित आयुर्वेद अस्पताल में न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव
  - **प्रीसेप्टर**

    मेडिकल प्रीसेप्टरः स्नातकोत्तर योग्यता के साथ विशेषज्ञ (आयुर्वेद विशेषज्ञ) डॉक्टर (स्नातकोत्तर योग्यता प्राप्त करने के बाद 3 वर्ष के अनुभव और संकाय स्तर/सलाहकार स्तर वालों को वरीयता दी जाएगी)

    नर्सिंग प्रीसेप्टरः

    राजकीय विश्वविद्यालय/एसएनआरसी द्वारा मान्यता प्राप्त बी.एससी. (नर्सिंग) आयुर्वेद।

    या

    एम.एससी. (नर्सिंग) के साथ प्रतिष्ठित आयुर्वेद अस्पताल में एक वर्ष का अनुभव। एनयूआईडी नंबर के साथ किसी भी एसएनआरसी में एक पंजीकृत उपचर्या एवं पंजीकृत प्रसाविका (आरएन एंड आरएम) या समकक्ष हो।

    या

    बी.एससी. (नर्सिंग)/पोस्ट बेसिक बी.एससी. (नर्सिंग) के साथ प्रतिष्ठित आयुर्वेद अस्पताल में दो वर्ष का अनुभव। एनयूआईडी नंबर के साथ किसी भी एसएनआरसी में एक पंजीकृत उपचर्या एवं पंजीकृत प्रसाविका (आरएन एंड आरएम) या समकक्ष हो।

  - **प्रीसेप्टर–छात्र अनुपातः नर्सिंग 1:10, मेडिकल 1:10**
    (प्रत्येक छात्र के लिए एक मेडिकल और नर्सिंग प्रीसेप्टर होना चाहिए)

2. बजट

संस्थान के समग्र बजट में कार्यक्रम के लिए आवश्यक कर्मचारियों और छात्रों के वेतन, अंशकालिक शिक्षकों के लिए मानदेय, लिपिकीय सहायता, पुस्तकालयी और आकस्मिक व्यय हेतु बजटीय प्रावधान होना चाहिए।

3. अस्पताल/कॉलेज में भौतिक एवं शक्षणिक सुविधाएं

क. नैदानिक क्षेत्र में अध्ययन कक्ष/सम्मेलन कक्षः 1

ख. कौशल प्रयोगशालाओं के लिए विभिन्न पंचकर्म और क्रियाकल्प थियेटर तथा भैषज्य कल्पना विभाग हों।
कौशल प्रयोगशाला/थियेटर विवरण परिशिष्ट–1 में सूचीबद्ध हैं।

ग. ऑनलाइन पत्रिकाओं तक पहुंच के साथ पुस्तकालय एवं कम्प्यूटर सुविधाएंः

- आयुर्वेद, नर्सिंग प्रशासन, नर्सिंग शिक्षा, नर्सिंग शोध और सांख्यिकी में नवीनतम पाठ्यपुस्तकों और पत्रिकाओं और पत्र–पत्रिकाओं से सुसज्जित संस्थागत पुस्तकालय। नर्सों और आयुर्वेद नर्सिंग छात्रों को संस्थागत पुस्तकालय का उपयोग करने की अनुमति होनी चाहिए।
- इंटरनेट सुविधा के साथ कंप्यूटर
- ई–लर्निंग सुविधाएं

घ. शिक्षण संसाधनः निम्न सुविधाओं के साथ स्मार्ट अध्ययन कक्षः

- स्लाइड प्रोजेक्टर
- टीवी
- वीडियो देखने की सुविधा
- एलसीडी प्रोजेक्टर
- कम्प्यूटर
- इंटरनेट सुविधा
- आयुर्वेद उपचार और चिकित्सा हेतु कौशल प्रदर्शन के लिए उपकरण
- मैनीकिंस और सिमुलेटर, यदि सुविधा उपलब्ध हो

ङ. कार्यालयी सुविधाएंः

- टंकक/डीईओ, एमटीएस/चपरासी, सफाई कर्मचारी की सेवाएं

- कार्यालय, उपकरण और संसाधन जैसे लेखन सामाग्री, प्रिंटर के साथ कम्प्यूटर, जीरोक्स मशीन आदि की सुविधाएं।

4. नैदानिक सुविधाएं

क. मूल आयुर्वेद अस्पताल में नैदानिक, चिकित्सीय और अत्याधुनिक आयुर्वेद चिकित्सा इकाइयों के साथ न्यूनतम 100 शय्या हों।

ख. अस्पताल में उन्नत नैदानिक, चिकित्सीय देखभाल सुविधाएं होनी चाहिए।

ग. इकाई में सेंट्रल काउंसिल ऑफ इंटीग्रेटेड मेडिसिन (सीसीआईएम)/एसआईयू मानदंडों के अनुसार प्रति शिफ्ट नर्स स्टाफ।

घ. छात्र–रोगी अनुपात – 1:3

5. प्रवेश हेतु नियम व शर्तें/प्रविष्टि अर्हताएं

इस कार्यक्रम में प्रवेश पाने वाले छात्र को:

क. एनयूआईडी नंबर के साथ किसी भी एसएनआरसी में एक पंजीकृत उपचर्या एवं पंजीकृत प्रसाविका (आरएन एंड आरएम) या समकक्ष होना चाहिए।

ख. स्टाफ नर्स के रूप में कम से कम एक वर्ष का नैदानिक अनुभव होना चाहिए।

ग. अन्य देशों की नर्सों को प्रवेश से पहले परिषद् से समकक्षता प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा।

घ. शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए।

ङ. चयन सक्षम प्राधिकारी द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा/साक्षात्कार की योग्यता के आधार पर होना चाहिए।

6. सीटों की संख्या

क. 100–200 शय्या वाले अस्पतालों के लिए, सीटों की संख्या – 20 सीटें

ख. 200–500 शय्या वाले अस्पतालों के लिए सीटों की संख्या – 40 सीटें

ग. 500 से अधिक शय्या वाले अस्पतालों के लिए, सीटों की संख्या – 60 सीटें

7. अभ्यर्थियों की संख्या

3 शय्या के लिए एक अभ्यर्थी

8. वेतन

क. सेवारत अभ्यर्थियों को नियमित वेतन मिलेगा।

ख. अन्य अभ्यर्थियों के लिए वेतन उस अस्पताल की वैतनिक संरचना के अनुसार होगा, जहां पाठ्यक्रम आयोजित किया जाता है।

VII. परीक्षा विनियम एवं प्रमाणीकरण

परीक्षा विनियम

निरीक्षण और डिप्लोमा प्रदान करने वाला प्राधिकरण: परिषद् द्वारा अनुमोदित संबंधित परीक्षा बोर्ड/एसएनआरसी/विश्वविद्यालय।

1. परीक्षा में बैठने हेतु पात्रता

क. उपस्थिति: सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक – 80%, लेकिन, प्रमाणन से पहले 100% नैदानिक उपस्थिति पूरी करनी होगी।

ख. लॉगबुक और नैदानिक आवश्यकताओं जैसी जरूरी आवश्यकताओं को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले उम्मीदवार पात्र होंगे और अंतिम परीक्षा में बैठ सकते हैं।

2. प्रायोगिक परीक्षा

क. प्रायोगिक/नैदानिक अवलोकन: अंतिम आंतरिक और बाह्य परीक्षा में मौखिक परीक्षा सहित वास्तविक परिस्थितियों में नैदानिक प्रदर्शन का आंकलन। 3–4 घंटे के लिए लघु नैदानिक मूल्यांकन अभ्यास (नर्सिंग प्रक्रिया आवेदन और कार्यविधिक दक्षताओं का प्रत्यक्ष अवलोकन) शामिल होगा। नैदानिक क्षेत्र में आंकलन की न्यूनतम अवधि 5–6 घंटे होगी।

ख. प्रति दिन छात्रों की अधिकतम संख्या: 10 छात्र।

ग. प्रायोगिक परीक्षा नैदानिक क्षेत्र में ही आयोजित की जानी चाहिए।

घ. तीन प्रायोगिक परीक्षकों के दल में, राजकीय विश्वविद्यालय/एसएनआरसी द्वारा मान्यता प्राप्त बी.एससी. (नर्सिंग) आयुर्वेद/परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त एक वर्षीय आयुर्वेद नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा के साथ एम.एससी. (नर्सिंग)/परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त एक वर्षीय आयुर्वेद नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा के साथ बी.एससी. (नर्सिंग)/पोस्ट बेसिक बी.एससी. (नर्सिंग) (बी.एससी. संकाय – दो वर्ष का अनुभव जिसमें से न्यूनतम एक वर्ष का शिक्षण अनुभव और एम.एससी. संकाय – दो वर्ष का अनुभव, जिसमें से न्यूनतम एक वर्ष का शिक्षण अनुभव

हो) के साथ एक आंतरिक परीक्षक, एक बाह्य परीक्षक (उपरोक्तानुसार योग्यता और अनुभव के साथ) और आयुर्वेद में विशेषज्ञता प्राप्त कोई भी चिकित्सीय संकाय और एक चिकित्सीय आंतरिक परीक्षक जो संबंधित विशेषता कार्यक्रम के लिए प्रीसेप्टर होना चाहिए, शामिल होंगे।

ङ. प्रतिष्ठित आयुर्वेद अस्पताल में दो वर्ष के अनुभव के साथ बी.एससी./एम.एससी. (नर्सिंग), जिसमें से एक वर्ष उसी अस्पताल में शिक्षण अनुभव हो, को शुरू में परीक्षक बनने की अनुमति दी जा सकती है, जब तक कि आयुर्वेद नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा प्रशिक्षित नर्सिंग संकाय परीक्षक उपलब्ध न हों।

च. प्रायोगिक परीक्षक और सैद्धांतिक परीक्षक एक ही नर्सिंग संकाय होने चाहिए।

3. उत्तीर्णता मानक

क. प्रत्येक अभ्यर्थी को उत्तीर्ण होने के लिए सैद्धांतिक और प्रायोगिक परीक्षा के आंतरिक आंकलन और बाह्य परीक्षा दोनों में कुल मिलाकर न्यूनतम 60% अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। 60% से कम अंक प्राप्त करने वाले को अनुत्तीर्ण माना जाएगा।

ख. छात्रों को उत्तीर्ण होने के लिए अधिकतम 3 अवसर प्रदान किये जाएंगें।

ग. यदि छात्र सैद्धान्तिक या प्रायोगिक परीक्षा में से किसी एक में अनुत्तीर्ण होता है, तो सैद्धान्तिक या प्रायोगिक परीक्षा में से जिसमें वह अनुत्तीर्ण हुआ है, केवल वही परीक्षा पुनः देनी होगी।

प्रमाणीकरण

क. शीर्षकः आयुर्वेद स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – आवासीय कार्यक्रम।

ख. निर्धारित अध्ययन कार्यक्रम के सफल समापन पर परिषद द्वारा अनुमोदित परीक्षा बोर्ड/विश्वविद्यालय द्वारा एक डिप्लोमा से सम्मानित किया जाएगा, जिसमें उल्लेख होगा किः

i. अभ्यर्थी ने आयुर्वेद स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – आवासीय कार्यक्रम के तहत पाठ्यक्रम के सभी पहलुओं का अध्ययन पूरा कर लिया है।

ii. उम्मीदवार ने सैद्धान्तिक में 80% और नैदानिक में 100% अर्हताएं पूरा कर ली हैं।

iii. उम्मीदवार ने निर्धारित परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है।

VIII. परीक्षा प्रणाली

पाठ्यक्रम	आंतरिक आंकलन अंक	बाह्य आंकलन अंक	कुल अंक	परीक्षा अवधि घंटे (बाह्य)
सैद्धान्तिकः अनुभविक/आवासीय अध्ययन आयुर्वेद स्पेशियलिटी नर्सिंग (I और II) 1: आयुर्वेद स्पेशियलिटी नर्सिंग–I 2: आयुर्वेद स्पेशियलिटी नर्सिंग–II	25 (10+15)	75 (35+40)	100	3
प्रायोगिकः आयुर्वेद स्पेशियलिटी नर्सिंग ▪ पर्यवेक्षित प्रायोगिक/नैदानिक अवलोकनः मौखिक परीक्षा के साथ–साथ वास्तविक परिस्थितियों में प्रत्यक्ष अवलोकन – 3–4 घंटे का लघु नैदानिक मूल्यांकन अभ्यास (नर्सिंग प्रक्रिया आवेदन व कार्यविधिक दक्षता का प्रत्यक्ष अवलोकन)	75	150	225	नैदानिक क्षेत्र में न्यूनतम 5–6 घंटे
कुल योग	**100**	**225**	**325**	

ओएससीई की सिफारिश की जाती है, लेकिन

यदि कोई ओएससीई शामिल नहीं है, तो आंतरिक प्रायोगिक को घटाकर 50 और बाह्य को 100 किया जा सकता है।

कुल आंतरिक 75 (25 सैद्धांतिक और 50 प्रायोगिक) होंगे। कुल बाह्य 175 (75 सैद्धान्तिक और 100 प्रायोगिक) होंगे।

कुल योग = 75 + 175 = 250

यदि इसे बदला जाता है तो मूल्यांकन दिशानिर्देशों में भी बदलाव करना होगा।

IX. कार्यक्रम की बनावट/संरचना

1. अनुदेश पाठ योजना
2. पाठ्यक्रम का कार्यान्वयन
3. नैदानिक अभ्यास (आवासीय पदस्थापन)
4. प्रशिक्षण विधियां
5. मूल्यांकन विधियां
6. लॉग बुक तथा नैदानिक अर्हताएं

1. अध्ययन निपुणता (कौशल प्रयोगशाला अभ्यास) एवं प्रायोगिक अध्ययन (नैदानिक अभ्यास) दृष्टिकोण अपनाते हुए अनुदेश पाठ योजना

2.

विषय	सैद्धान्तिक घंटे	प्रयोगशाला / कौशल प्रयोगशाला घंटे	नदानिक घंटे
आयुर्वेद स्पेशियलिटी नर्सिंग पाठ्यक्रम			
आयुर्वेद स्पेशियलिटी नर्सिंग–I			
इकाई–1 संस्कृत का परिचय	30		
इकाई–2 आयुर्वेद की मूल अवधारणा	40		
इकाई–3 भाग अः शरीर रचना और भाग बः शरीर क्रिया विज्ञानम (मूल शरीर रचना विज्ञान एवं जीवन पद्धति)	30	10	
इकाई–4 भाग अः निदानम (मेडिकल नर्सिंग) और भाग बः मानसिक रोगी परिचारण (मनोरोग नर्सिंग)	40		200
इकाई–5 भाग अः द्रव्यगुणः (सामान्य औषध विज्ञान) और भाग बः भैषज्य कल्पना विज्ञानम (औषधीय नर्सिंग)	30	10	100
इकाई–6 स्वास्थवृत्त और योग	30	10	150
इकाई–7 **फाउंडेशन** – व्यावसायिक कुशलता, संवाद तथा रोगी प्रशिक्षण, नैदानिक नेतृत्व तथा संसाधन प्रबंधन, और साक्ष्य आधारित तथा अनुप्रयुक्त शोध	30		
आयुर्वेद स्पेशियलिटी नर्सिंग–II			
इकाई–8 शल्य कर्म परिचारण (सर्जिकल नर्सिंग) (भाग अ) और (भाग ब)	30		200
इकाई–9 शालक्य कर्म परिचारण (ईएनटी और नेत्र विज्ञान नर्सिंग)	30		200
इकाई–10 शिशु परिचारण (शिशु चिकित्सा नर्सिंग)	30		145
इकाई–11 स्त्री रोग और प्रसूति तंत्र परिचारण (स्त्री रोग और प्रसूति नर्सिंग)	30		200
इकाई–12 पंचकर्म (भाग अ) और (भाग ब)	50	10	335
कुल : 1970 घंटे	**400 घंटे (10 सप्ताह)**	**40 घंटे (1 सप्ताह)**	**1530 घंटे (33 सप्ताह)**

एक वर्ष में उपलब्ध कुल सप्ताहः 52 सप्ताह

- एएल + सीएल + एसएल + सार्वजनिक अवकाशः 6 सप्ताह
- परीक्षा की तैयारी और परीक्षाः 2 सप्ताह
- सैद्धान्तिक और प्रायोगिकः 44 सप्ताह

2. **पाठ्यक्रम का कार्यान्वयन** (सैद्धान्तिकः 20% और कौशल प्रयोगशाला + नैदानिकः 80%)

ब्लॉक कक्षाएंः 3 सप्ताह × 42 घंटे = 126 घंटे, आवासीय 41 सप्ताह × 45 घंटे प्रति सप्ताह = 1845 घंटे, कुलः 1970 + 1 = 1971 घंटे (1 अतिरिक्त घंटा)

- ब्लॉक कक्षाएंः (सैद्धान्तिक और कौशल प्रयोगशाला अनुभव = 3 सप्ताह × 42 घंटे प्रति सप्ताह (126 घंटे), {सैद्धान्तिक = 120 घंटे, कौशल प्रयोगशाला = 6 घंटे, कुल = 126 घंटे})
- सैद्धान्तिक और कौशल प्रयोगशाला सहित नैदानिक अभ्यास = 41 सप्ताह × 45 घंटे प्रति सप्ताह (1845 घंटे), {सैद्धान्तिक = 281 घंटे, कौशल प्रयोगशाला = 34 घंटे, नैदानिक = 1530 घंटे}

  अर्थात् सैद्धान्तिकः 401 (120 + 281) घंटे, कौशल प्रयोगशालाः 40 (6 + 34) घंटे, नैदानिकः 1530 घंटे = 1971 घंटे (1970 + 1)

o **सैद्धान्तिक के 281 घंटे और कौशल प्रयोगशाल प्रशिक्षण के 34 घंटे को नैदानिक अनुभव के दौरान एकीकृत किया जा सकता ह। छात्रों को प्रशिक्षित करने में निपुण अध्ययन और प्रयोगिक प्रशिक्षण दृष्टिकोण का उपयोग संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान किया जाता है।**

कौशल प्रयोगशाला/थियेटर विवरण परिशिष्ट–1 में सूचीबद्ध हैं।

3. **नैदानिक अभ्यास**

नैदानिक आवासीय अनुभवः न्यूनतम 45 घंटे प्रति सप्ताह निर्धारित है, हालांकि अलग–अलग पारियों और प्रत्येक सप्ताह या पखवाड़े ऑन कॉल ड्यूटी करने पर छुट्टी की परिस्थिति के अनुसार होगा।

नैदानिक पदस्थापनः प्रशिक्षण अवधि के दौरान छात्रों का निम्नांकित नैदानिक क्षेत्रों में पदस्थापन किया जाएगा।

क्र.स.	नैदानिक क्षेत्र	सप्ताह	टिप्पणी
1	बाह्य रोगी विभाग	2	क्षेत्रीय दौरे और भ्रमण के लिए अपने स्वयं के आयुर्वेद अस्पताल और प्रतिष्ठित संस्थान
2	एकीकृत ओपीडी (यूनानी सिद्ध और होमियोपैथी)	1	
3	आंतरिक रोगी विभाग	12	
4	पंचकर्म थियेटर (वयस्क और शिशु रोग)	9	
5	क्रियाकल्प थियेटर	4	
6	ऑपरेशन थियेटर और आईसीयू	2	
7	प्रसव कक्ष (एसआरपीटी)	2	
8	औषधालय	2	
9	विभागीय प्रयोगशाला	1	
10	अस्पताल प्रबंधन	1	
11	योग विभाग और स्वास्थवृत्त ओपीडी	2	
12	नैदानिक पैथोलॉजी प्रयोगशाला	1	
13	पैरा–सर्जीकल और प्लास्टर कक्ष	1	
14	चिकित्सा शिविर	1	
कुल		**41 सप्ताह**	

टिप्पणीः आवासीय छात्र अलग–अलग पारियों में स्टाफ नर्स/नर्सिंग अधिकारियों की कार्य–सूची का ही पालन करेंगे। इसके अलावा, 40 सप्ताह तक प्रत्येक सप्ताह 8 घंटे उनके अध्ययन के लिए होंगे, जिन्हें सैद्धांतिक और कौशल प्रयोगशाला अभ्यास के लिए दिया किया जा सकता है (जैसेः संकाय व्याख्यान – 5 घंटे, नर्सिंग व अंतःविषयक् संवाद – 1 घंटा, नैदानिक प्रस्तुतियां/केस स्टडी रिपोर्ट/नैदानिक कार्य – 1 घंटा, कौशल प्रयोगशाला अभ्यास – 1 घंटा), इस प्रकार कुल 281 घंटे सैद्धान्तिक और 34 घंटे कौशल प्रयोगशाला अभ्यास के लिए होंगे। नैदानिक पदस्थापन के दौरान शौध प्रक्रिया के सोपानों पर आधारित एक लघु सामूहिक शोध परियोजना आयोजित की जा सकती है जिसकी लिखित रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

4. **प्रशिक्षण विधियां**

सैद्धान्तिक, कौशल प्रयोगशाला और नैदानिक शिक्षण निम्नलिखिति पद्धतियों में किए जा सकते हैं और नैदानिक पदस्थापन के दौरान एकीकृत किये जा सकते हैं:

- केस/नैदानिक प्रस्तुति और केस स्टडी रिपोर्ट
- औषधीय अध्ययन और प्रस्तुति
- शय्यागत नैदानिक/नर्सिंग दौरे/अंतर–विषयक दौरे
- नैदानिक संगोष्ठी
- नैदानिक क्षेत्र में संकाय व्याख्यान और चर्चा
- विभिन्न थियेटर तथा शय्यागत प्रस्तुतियां और कौशल प्रशिक्षण
- निर्देशित पठन और स्व–अध्ययन
- भूमिका निर्वहन
- संगोष्ठी/सामूहिक प्रस्तुति
- सामूहिक शोध परियोजना
- नैदानिक कार्य

- रोगी सहभागिता अभ्यास (सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग करके स्वास्थ्य परिणामों में सुधार के लिए देखभाल संबंधी निर्णयों में रोगियों को संलग्न करना)। जैसेकिः छुट्टी योजना, अनुवर्ती कार्रवाई और पुनर्वास।
- विभिन्न केंद्रों के शैक्षिक दौरे
- विभिन्न श्रव्य–दृश्य सामग्री का उपयोग करके स्वास्थ्य शिक्षा।

5. मूल्यांकन विधि

- लिखित परीक्षा
- प्रायोगिक परीक्षाः प्रायोगिक अवलोकन (वास्तविक परिस्थितियों में वास्तविक नैदानिक प्रदर्शन का प्रत्यक्ष अवलोकन)
- लिखित कार्य
- परियोजना
- मामले का अध्ययन/देखभाल योजना/नैदानिक प्रस्तुति/औषधीय अध्ययन
- नैदानिक प्रदर्शन मूल्यांकन
- नैदानिक कार्यविधिक दक्षताओं और नैदानिक आवश्यकताओं को पूरा करना

मूल्यांकन दिशानिर्देशों के लिए परिशिष्ट–2 देखें।

6. नैदानिक लॉग बुक/प्रक्रिया पुस्तक

प्रत्येक नैदानिक पदस्थापन के अंत में, नैदानिक लॉग बुक (विशिष्ट कार्यविधिक दक्षताएं/नैदानिक कौशल) **(परिशिष्ट–3),** नैदानिक अर्हताएं **(परिशिष्ट–4)** और नैदानिक अनुभव विवरण **(परिशिष्ट–5)** पर संबंधित नैदानिक संकाय/प्रीसेप्टर द्वारा हस्ताक्षर किये जाने चाहिए।

X. अध्ययन पाठ्यक्रम

1. आयुर्वेद स्पेशियलिटी नर्सिंग–I

संस्कृत का परिचय, आयुर्वेद का परिचय और आयुर्वेद नर्सिंग अभ्यास में अनुप्रयुक्त बुनियादी विज्ञान (आयुर्वेद की बुनियादी अवधारणाएं), शरीर रचना और शरीर क्रिया विज्ञानम (मूल शरीर रचना विज्ञान एवं जीवन पद्धति), निदानम (मेडिकल नर्सिंग) और मानसिक रोगी परिचारण (मनोरोग नर्सिंग), द्रव्यगुण और भैषज्य कल्पना विज्ञानम (सामान्य औषध विज्ञान और औषधीय नर्सिंग), स्वास्थवृत्त और योग (जीवन शैली) और मूलभूत पाठ्यक्रम

सैद्धान्तिकः 230 घंटे और प्रायोगिकः 450 घंटे

पाठ्यक्रम विवरणः यह पाठ्यक्रम छात्रों को आयुर्वेद देखभाल प्रावधानों और आयुर्वेद उपचार चाहने वाले रोगियों के निदान और उपचार में बुनियादी विज्ञान के अनुप्रयोग और आयुर्वेद नर्सिंग अभ्यास में व्यावसायिकता की समझ, संवाद, रोगी और पारिवारिक शिक्षा, परामर्श, नैदानिक नेतृत्व एवं संसाधन प्रबंधन और साक्ष्य आधारित एवं अनुप्रयुक्त शोध के संदर्भ में समझ और गहन ज्ञान विकसित करने में मदद करने हेतु तैयार किया गया है।

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	नियत कार्य/ मूल्यांकन विधियां
1.	30 (टी)	संस्कृत का बुनियादी ज्ञान प्राप्त करना	**संस्कृत** क. शब्दमंजरी ख. सिद्धरूपम ग. क्रियाओं का संयोजन	▪ व्याख्यान एवं परिचर्चा	▪ कक्षा परीक्षा
2.	40 (टी)	विभिन्न रोगों से ग्रस्त रोगियों के निदान, उपचार और देखभाल में स्वास्थ्य देखभाल की आयुर्वेद प्रणाली की बुनियादी अवधारणाओं को समझना	**आयुर्वेद की मूल अवधारणा** क. आयुर्वेद की मूल अवधारणाएं – आयुर्वेद के विकास के बारे में सामान्य जागरूकता और पंचमहाभूत सिद्धांत ख. दोष, धातु, माला विज्ञानम और मानस की अवधारणा **द्रव्य** क. परिभाषा ख. गठन ग. निम्नलिखित शब्दों का वर्गीकरण और विस्तारः रस, गुण, वीर्य, विपाक, प्रभाव की उचित परिभाषा, गठन और वर्गीकरण **रोग एवं आरोग्य की अवधारणा** क. अग्नि की अवधारणा और इसका	▪ व्याख्यान एवं परिचर्चा	▪ कक्षा परीक्षा

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	नियत कार्य/ मूल्यांकन विधियां
			महत्व ख. प्रकृति, कोष्ट, देश, काल, औषध और औषधकला की अवधारणाएं		
3.	30 (टी)	आयुर्वेद के संदर्भ में मानव शरीर प्रणाली का वर्णन और रोगों के होने के पीछे का मूल सिद्धांत	**भाग अः शरीर रचना एवं भाग बः शरीर क्रिया विज्ञानम (मूल शरीर रचना और शरीर क्रिया विज्ञान)** **भाग अः शरीर रचना** i. शरीर उपक्रम ii. शरीर की अवधारणा एवं शरीर रचना का महत्व iii. शरीर का विकास और त्रिदोष, त्रिगुण, दोष, धातु और माला का कार्यात्मक महत्व iv. गर्भ शरीर, गर्भधारण की अवधारणाओं का अध्ययन, पोषण और संवहन v. अस्थि शरीरम vi. हड्डियों का अध्ययन – पहचान, वर्गीकरण, संरचना के साथ–साथ मांसपेशियों के जोड vii. जोड़ों के प्रकार viii. मर्म शरीरम **भाग बः शरीर क्रिया विज्ञानम** उचित परिभाषा, गठन और वर्गीकरण के साथ निम्नलिखित शारीरिक कारकों की अवधारणाः i. दोष ii. धातु iii. माला iv. स्रोत v. उपधातु vi. ओजस vii. सिराधमनी viii. इंद्रियां ix. प्रकृति x. स्नायु xi. संधि	▪ व्याख्यान एवं परिचर्चा ▪ रोगियों के मूल्यांकन का प्रदर्शन	▪ कक्षा परीक्षा ▪ प्रीसेप्टर के मार्गदर्शन में प्रत्युत्तर प्रदर्शन
4.	40 (टी) 200 (पी)	आयुर्वेद के दृष्टिकोण से परिभाषा, एटिओलॉजी, पैथोफिजियोलॉजी, संकेत और लक्षण और विभिन्न रोगों की नैदानिक उपायों की व्याख्या करना और विभिन्न रोग स्थितियों का नर्सिंग प्रबंधन	**भाग अः निदानम (मेडिकल नर्सिंग)** क. औषधियों का विकास ख. रोग एवं कारणों की अवधारणा ग. एटिओलॉजी की पहचान की परिभाषा घ. निम्नलिखित रोगों की पैथोफिज़ियोलॉजी और लक्षण विज्ञानः i. ज्वर ii. रक्तपित्त iii. कास, स्वास, हिक्का, स्वरभेद iv. राज्यक्षमा v. अग्निमांद्य vi. अजीर्ण	▪ व्याख्यान एवं परिचर्चा ▪ मामले की प्रस्तुति	▪ मामले का अध्ययन ▪ नैदानिक प्रस्तुति ▪ कक्षा परीक्षा

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	नियत कार्य/ मूल्यांकन विधियां
			vii. विषूचिका viii. अलस्का ix. गृहणी x. वातव्याधि xi. वातरक्त xii. आमवात xiii. हृदरोग xiv. मूत्रकृचा xv. मूत्राघात xvi. अश्मरी xvii. प्रमेह xviii. महापीडक xix. मेदोरोग xx. कुष्ठ		
			ङ. आयुर्वेदिक नैदानिक उपायों का अध्ययन i. आपतोपदेशदी ii. त्रिविधपरीक्षा iii. षडंग चतुर्विध iv. अष्टस्थान परीक्षा v. दशविधरोग परीक्षा vi. स्रोतोपरीक्षा vii. धातु, उपधातु परीक्षा		
			च. विभिन्न परिस्थितियों के लिए आयुर्वेद में प्राथमिक उपचार i. उपाशय का अध्ययन ii. अनुपाशयभेदा iii. उक्त रोग का अरिष्ट लक्षण		
			भाग बः मानसिक रोगी परिचारण (मनोरोग नर्सिंग) i. परिभाषा ii. आयुर्वेद में मन की प्रकृति iii. मन की भौतिक प्रकृति को लेकर विवाद iv. मन की दृष्टि को लेकर विवाद v. गुण vi. कर्म vii. प्रज्ञापराधा की अवधारणाएं viii. बुधि की अवधारणा ix. समृति x. लक्षण		
			राजस्तमो गुण i. उन्माद और अपस्मार ii. मादक द्रव्यों का सेवन iii. ग्रहबाधा iv. अधथ्वाबिनिवेस **मानसिक रोग क विशेष उपचार** i. औषधि ii. तालम iii. तलपोथिचिल iv. शिरोधारा v. स्नेहपान vi. विरेचन vii. शिरोवस्थी		

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	नियत कार्य/ मूल्यांकन विधियां
5.	30(टी) 100 (पी)	औषध विज्ञान, फार्माकोकाइनेटिक्स और फार्माकोडायनेमिक्स, विभिन्न आयुर्वेदिक फॉर्मूलरी की तैयारी, वितरण और नर्सिंग मध्यवर्तन की व्याख्या करना	**भाग अः द्रव्यगुण (सामान्य औषध विज्ञान)** i. आयुर्वेदिक औषध विज्ञान का परिचय और परिभाषा ii. रस, गुण, वीर्य, विपाक, प्रभाव iii. औषधियों का स्रोत iv. भार और माप v. औषधीय नैतिकता और सिद्धांत vi. औषधि निर्धारण प्रणाली और औषधि देने के मार्ग vii. हर्बल औषधियों की पहचान और प्रमाणीकरण **भाग बः भैषज्य कल्पना विज्ञानम (औषधीय नर्सिंग)** i. शुद्धमात्रिकी, आयुर्वेदिक औषधीय अवधारणाएं ii. औषधियों की निधानी आयु और उपयोग करने की अवधि की समाप्ति iii. रसौषधियों के प्रति जागरूकता iv. हाई अलर्ट औषधियां v. औषधीय प्रतिकूल प्रतिक्रिया vi. एक जैसी दिखने वाली औषधियां **विभिन्न कल्पनाओं के प्रति जागरूकता** i. क्वाथ ii. चूर्ण iii. अवलेह iv. आसव v. अरिष्ट vi. अर्क vii. रसौषधि viii. भस्म ix. अनुपनम x. विभिन्न बाहरी अनुप्रयोग xi. प्रशासन मार्ग का ज्ञान xii. भंडारण **नर्स की भूमिका** i. औषध प्रशासन ii. प्रणालीगत औषधीय एजेंटों से संबंधित औषधीय मध्यवर्तन में जिम्मेदारियां	▪ परिचर्चा ▪ मामले की प्रस्तुति	▪ प्रयोगशाला अनुभव ▪ औषधीय उद्यान के दौरे ▪ हर्बेरियम संग्रह ▪ औषधालय ▪ क्षेत्रीय दौरे ▪ रिपोर्ट लेखन
6.	30 (टी) 150 (पी)	विभिन्न रोगों के प्रबंधन और विशिष्ट नर्सिंग मध्यवर्तनों में जीवन शैली, आहार और योग की भूमिका के बारे में समझना	**स्वास्थ्यवृत्त और योग** i. स्वास्थवृत परिचय ii. अथुराव्रुथा परिचय iii. दिनचर्या iv. रितुचर्या v. सदवृतम vi. जनपदोध्वमसनीयम vii. अन्नपानविधि viii. अन्नसंरक्षणीयम ix. मातृस्थीयम x. शतपथ्यद्रव्य	▪ व्याख्यान एवं परिचर्चा	▪ योग का प्रदर्शन ▪ स्वास्थ्य वार्ता ▪ विभिन्न परिस्थितियों/ आयु वर्गों के लिए आहार चार्ट तैयार करना

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	नियत कार्य/ मूल्यांकन विधियां
			xi. रोगानुलपाधनीय और उसका विवरण xii. त्रयोपस्तंब xiii. रोग और आरोग्य xiv. पनाथ्याय xv. पनजीर्ण xvi. परमदा xvii. चिकित्सा परिचय		
			आहार विद्या i. परिचय ii. सदापथ्य आहार का महत्व iii. भोजन विधि iv. भोजन कला v. विभिन्न स्थितियों में आहार vi. शिशु पोषण		
			योग i. परिचय ii. योग का महत्व iii. योग और शरीर क्रिया विज्ञान और विभिन्न प्रकार के योगासनों का अध्ययन iv. विभिन्न प्रकार के रोगों में योग	▪ योग सत्र	▪ योग का प्रत्युत्तर प्रदर्शन
			स्वास्थ्य लाभ नर्सिंग i. जराचिकित्सा नर्सिंग की अवधारणा ii. उपशामक देखभाल नर्सिंग iii. रसायन और वाचिकरण चिकित्सा	▪ व्याख्यान एवं परिचर्चा	▪ स्वास्थ्य वार्ता ▪ स्वास्थ्य आंकलन
			औषधियों की अन्य वैकल्पिक प्रणालियां i. यूनानी ii. सिद्ध iii. होम्योपैथी	▪ रोगी का आंकलन	▪ अवलोकन रिपोर्ट
7.	30 (टी)	व्यावसायिकता की समझ का प्रदर्शन और आयुर्वेद नर्सिंग अभ्यास में व्यावसायिकता प्रकट करना आयुर्वेद नर्सिंग के चिकित्सा–विधिक पहलुओं का वर्णन करना	**<u>व्यवसायिकता</u>** **व्यवसायिकता** i. अर्थ और सिद्धांत – आयुर्वेद नर्सिंग अभ्यास में जवाबदेही, ज्ञान, दृश्यता और नैतिकता ii. व्यावसायिक मूल्य और दक्ष्य व्यवहार iii. आईएनसी आचार संहिता, व्यवसायिक आचरण संहिता और अभ्यास मानक iv. आयुर्वेद नर्सिंग से संबंधित नैतिक मुद्दे v. नर्स–नर्स व्यवसायी की भूमिका का विस्तार vi. व्यावसायिक संगठन vii. सतत नर्सिंग शिक्षा **चिकित्सा–विधिक मुद्दे** i. आयुर्वेद नर्सिंग से संबंधित विधान और विनियम ii. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम	▪ व्याख्यान एवं परिचर्चा	▪ कक्षा परीक्षा

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	नियत कार्य/ मूल्यांकन विधियां
			iii. उपेक्षा और कदाचार iv. चिकित्सा–विधिक पहलू v. रिकॉर्ड और रिपोर्ट vi. आयुर्वेद विशेषज्ञ नर्सों के कानूनी दायित्व		
		रोगियों, परिजनों और व्यावसायिक सहयोगियों के साथ प्रभावी ढंग से संवाद स्थापित करना, स्वास्थ्य परिणामों को बढ़ाने के लिए आपसी सम्मान और साझा निर्णय लेने को बढ़ावा देना	**संवाद** i. संवाद के माध्यम और तकनीक ii. सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील संवाद iii. नर्सिंग देखभाल योजनाओं का विकास और रिकॉर्ड iv. संवाद के समर्थन में सूचना प्रौद्योगिकी उपकरण v. दलीय संवाद	▪ व्याख्यान ▪ दुःखद सूचना देना – भूमिका निर्वहन ▪ सामूहिक चर्चा	▪ भूमिका निर्वहन/स्किट
		उपचार और देखभाल में प्रभावी रूप से भाग लेने हेतु रोगियों और परिजनों को शिक्षित करना और परामर्श देना	**रोगी एवं पारिवारिक शिक्षा** i. शिक्षण और अध्ययन के सिद्धान्त ii. स्वास्थ्य शिक्षा के सिद्धान्त iii. सूचनात्मक जरूरतों और रोगी की शिक्षा का आंकलन iv. रोगी शिक्षा सामग्री का विकास	▪ समकक्ष प्रशिक्षण	▪ प्रासंगिक विषय पर सामूहिक स्वास्थ्य शिक्षा का संचालन करना
			परामर्श i. परामर्श तकनीक ii. दुःखद सूचना देते समय, गहन उपचार, संकटकालीन मध्यवर्तन और मरणासन्न अवस्था में रोगी और परिजनों को परामर्श देना	▪ परामर्श सत्र	▪ परामर्श पर भूमिका निर्वहन
		▪ नैदानिक नेतृत्व और संसाधन प्रबंधन रणनीतियों की समझ प्रदर्शित करना और आयुर्वेदिक देखभाल और समायोजन में उनका उपयोग करना ▪ सहयोगी और प्रभावी दलीय कार्य को बढ़ावा देना	**नैदानिक नेतृत्व और संसाधन प्रबंधन** i. नेतृत्व और प्रबंधन ii. आयुर्वेद नर्सिंग देखभाल प्रबंधन के सिद्धांत – योजना बनाना, आयोजन करना, स्टाफ, रिपोर्टिंग, रिकॉर्डिंग और बजट तैयार करना iii. नैदानिक नेतृत्व और इसकी चुनौतियां iv. शिष्ट मंडल v. आयुर्वेदिक इकाइयों में मानव संसाधन प्रबंधन vi. सामग्री प्रबंधन vii. दलीय प्रबंधन और अंतःविषयक दल के सदस्य के रूप में काम करना viii. आयुर्वेदिक रोगियों की देखभाल के लिए नीतियों को प्रासंगिक बनाने में भागीदारी करना	▪ व्याख्यान एवं परिचर्चा	▪ आदर्श आयुर्वेदिक विभाग में कार्यरत कनिष्ठ नर्सिंग अधिकारियों/ स्टाफ नर्सों के लिए ड्यूटी रोस्टर तैयार करना
		आयुर्वेद वार्ड के लिए इकाई तैयार करना	i. आयुर्वेद वार्डों के लेआउट का विवरण	▪ प्रस्तुति ▪ परिचर्चा	▪ एक आदर्श आयुर्वेद वार्ड का अभिन्यास तैयार करना

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	नियत कार्य/ मूल्यांकन विधियां
		नैदानिक परीक्षण आयोजित करना और गुणवत्ता आश्वासन गतिविधियों में भाग लेना	**आयुर्वेद इकाई में गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम** i. नर्सिंग परीक्षण ii. प्रमुख प्रदर्शन संकेतक (केपीआई) iii. गुणवत्ता आश्वासन – एनएबीएच	▪ मॉड्यूल – प्रमाणन	▪ नर्सिंग परीक्षण आयोजित करना और प्रमुख प्रदर्शन संकेतक तैयार करना (केपीआई)
		▪ शोध प्रक्रिया का वर्णन करना और मूल सांख्यिकीय परीक्षण करना ▪ शोध के सिद्धांतों और चरणों का उपयोग करके शोध परियोजना संपादित करना ▪ साक्ष्य आधारित/ व्यावसायिक अभ्यास की सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों को अपनाना	**साक्ष्य आधारित एवं अनुप्रयुक्त शोध का अनुप्रयोग** i. नर्सिंग शोध प्रक्रिया का परिचय ii. आंकडों की प्रस्तुति, बुनियादी सांख्यिकीय परीक्षण और इसके अनुप्रयोग iii. आयुर्वेद नर्सिंग अभ्यास में शोध प्राथमिकताएं iv. आयुर्वेद नर्सिंग अभ्यास की प्रासंगिक समस्याओं/प्रश्नों का निरूपण v. आयुर्वेद नर्सिंग अभ्यास में साक्ष्य आधारित/सर्वोत्तम प्रथाओं की पहचान करने के लिए साहित्यक समीक्षा vi. दैनिक व्यावसायिक अभ्यास में साक्ष्य–आधारित मध्यवर्तन का कार्यान्वयन vii. शोध में नैतिकता	▪ व्याख्यान ▪ अभ्यासः वैज्ञानिक प्रपत्र लेखन ▪ सामूहिक शोध परियोजना	▪ आयुर्वेद विभाग के गत पांच वर्ष के सांख्यिकीय आंकड़े तैयार करना ▪ आयुर्वेद नर्सिंग मध्यवर्तन पर साहित्यिक समीक्षा का संचालन करना/ सामूहिक शोध परियोजना रिपोर्ट
8.	30 (टी) 200 (पी)	वयस्क एवं शिशु रोगियों तथा विभिन्न रोग स्थितियों के नर्सिंग प्रबंधन के लिए शल्य विभाग की विभिन्न प्रक्रियाओं में सहायता और प्रदर्शन करने में कौशल विकसित करना	**भाग अः शल्यकर्म परिचारण (सर्जिकल नर्सिंग)** **परिचय** i. परिभाषा ii. सुश्रुत प्रधान्य iii. व्याधि प्रधान्य iv. साध्य आसाध्य व्याधि प्रकरम **विभिन्न परिस्थितियां और इनके प्रबंधन** **वरुण** i. परिभाषा ii. एटिओलॉजी iii. पैथोफिजियोलॉजी iv. प्रकार v. लक्षण vi. जटिलताएं vii. व्रण उपक्रम viii. सप्त उपक्रम ix. षष्ठी उपक्रम **एटिओलॉजी, पैथोफिजियोलॉजी, विभिन्न रोगों के लक्षण** i. नाडी वृण ii. अर्श iii. रक्त स्राव	▪ व्याख्यान एवं परिचर्चा ▪ विभिन्न शल्य प्रक्रियाओं में सहायता करना ▪ विभिन्न प्रक्रियाओं का अवलोकन	▪ मामले का अध्ययन ▪ नैदानिक प्रस्तुति ▪ प्रीसेप्टर के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण के तहत विभिन्न प्रक्रियाओं का प्रदर्शन/ उनमें सहायता करना ▪ कक्षा परीक्षा

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	नियत कार्य/ मूल्यांकन विधियां
			iv. विदराधि v. जलना vi. परिनामसूल vii. क्षुद्ररोग viii. ग्रन्थि ix. अपच x. अर्बुधा xi. विभिन्न जहरीले जंतुओं, कीड़ों और सांप के काटने पर प्राथमिक उपचार		
			भाग बः शल्यकर्म परिचारण **1. यंत्र विधि** **2. शास्त्र कर्म – प्रक्रियाएं और प्रबंधन** i. उपासय का अध्ययन ii. अनुपासय iii. शास्त्रकर्म का अध्ययन iv. पूर्व और पश्चात कर्म v. अष्टविद्या कर्म vi. व्रण शोधन vii. रोपण द्रव्य viii. रक्तमोक्षणम् ix. सिरावेधा x. प्रचन्ना xi. जलौकवचरणम xii. क्षारकर्म xiii. अग्निकर्म xiv. लेपन विधि xv. आहार विधि		
			3. पट्टी करना (बंधन विधि) i. अस्थिभंग के लिए विभिन्न प्रकार के बंधों के आयुर्वेदिक वर्णन का अध्ययन ii. स्थिरीकरण के तरीके		
			4. उपचार, शल्य चिकित्सीय पथ्य		
			5. निम्नलिखित प्रक्रियाओं के उपकरण i. शास्त्र कर्म ii. क्षार कर्म iii. अग्नि कर्म iv. रक्तमोक्षणम्		
9.	30 (टी) 200 (पी)	आयुर्वेद के परिप्रेक्ष्य में नेत्र एवं ईएनटी को प्रभावित करने वाले विभिन्न रोगों के कारण, पैथोफिजियोलॉजी, संकेत व लक्षण, उपचार के तौर–तरीके और विभिन्न रोग स्थितियों के नर्सिंग प्रबंधन की व्याख्या करना	**शालक्य कर्म परिचारण (ईएनटी और नेत्र विज्ञान नर्सिंग)** **परिचय** i. रोग की जानकारी ii. हेथु, संप्रथी iii. लक्षण iv. भेद v. अनुबंध उपचार	▪ व्याख्यान ▪ प्रस्तुति ▪ परिचर्चा ▪ सामूहिक प्रस्तुति	▪ मामले का अध्ययन ▪ नैदानिक प्रस्तुति ▪ प्रीसेप्टर के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण के तहत विभिन्न प्रक्रियाओं का प्रदर्शन/उनमें
			विभिन्न परिस्थितियां		

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के परिणाम	विषय	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	नियत कार्य/ मूल्यांकन विधियां
			एवं प्रबंधन i. नेत्र रोग ii. शिर रोग iii. कर्ण रोग iv. नासिका रोग v. मुख रोग		सहायता करना ▪ कक्षा परीक्षा
			प्रक्रियाएं i. कर्ण पुराण ii. धूम पान iii. जलौकवचरणम iv. क्रिया क्रम क. कवल ख. गणदोष ग. शिरोवस्ति घ. नास्य ङ. अंजन च. तर्पण छ. पुतपाक ज. पिंडी झ. विदालक ञ. मूर्ध तेल ट. मुख लेप		
10.	30 (टी) 145 (पी)	आयुर्वेद के परिप्रेक्ष्य में शिशुओं को प्रभावित करने वाले विभिन्न विकारों के कारण, पैथोफिजियोलॉजी, संकेत व लक्षण, उपचार के तौर–तरीके और विभिन्न रोग स्थितियों के नर्सिंग प्रबंधन की व्याख्या करना	**शिशु परिचारण (शिशु चिकित्सा नर्सिंग)** i. परिचय ii. परिभाषा iii. प्रकार iv. विस्तृत शिशु–उपचरण v. शिशु–रोगोपचार vi. बालामायाप्रतिक्षेधा और संबंधित उपचार कर्म vii. विसर्प चिकित्सा उपचार viii. फक्क रोग चिकित्सा और इसके उपचार ix. दंथोभेदजन्य रोग चिकित्सा उपचार	▪ व्याख्यान एवं परिचर्चा ▪ स्वास्थ्य आंकलन ▪ प्रस्तुति ▪ मामले की प्रस्तुति	▪ मामले का अध्ययन ▪ नैदानिक प्रस्तुति ▪ कक्षा परीक्षा
